संपादकीय

## गलत सूचनाओं पर रोक

सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को उस अधिसूचना पर रोक लगा दी जिसके तहत पत्र सूचना ब्यूरो के अधीन एक फैक्ट चेकिंग यूनिट (तथ्यों की जांच करने वाली इकाई) की स्थापना की जानी थी। न्यायालय ने कहा कि इस पर तब तक रोक रहेगी जब तक बंबई उच्च न्यायालय सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में संशोधनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं सुना देता।इस बीच गूगल और मेटा जैसी डिजिटल क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां चुनाव के दौरान गलत सूचनाओं के प्रसार का मुकाबला करने के लिए अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही हैं। वे जांच के लिए नए टूल विकसित करने और तथ्यों की जांच करने वालों (फैक्ट चेकर) को प्रशिक्षण देने के अलावा दोनों अन्य संस्थानों द्वारा संचालित तथ्यों की जांच संबंधी पहलों में भी शामिल होंगी और भारत निर्वाचन आयोग के साथ तालमेल में काम करेंगी।

2019 में सभी बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्मों ने अपने-अपने स्तर पर गलत सूचनाओं को रोकने का प्रयास किया था और उसके मिलेजुले नतीजे सामने आए थे। 2024 में यह अभियान अधिक तालमेल के साथ चलाया जा रहा है। 40 से अधिक बड़े बहुराष्ट्रीय संस्थानों ने म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और इस बात पर सहमति जताई कि वे 2024 में वैश्विक स्तर पर मिलकर चुनावों से संबंधित गलत जानकारियों का मुकाबला करेंगे।

जोखिम बहुत बढ़ गया है क्योंकि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस अब राजनेताओं से जुड़ी वास्तविक प्रतीत होने वाली दृश्य-श्रव्य सामग्री बना सकता है। इन डिजिटल दिग्गजों को विभिन्न समाचार माध्यमों के साथ तालमेल में काम करना होगा ताकि भ्रामक सूचनाओं को रोका जा सके, मतदाताओं से हस्तक्षेप सीमित हो सके और विभिन्न प्लेटफॉर्म पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

यह महत्त्वपूर्ण है क्योंकि मेटा के पास फेसबुक, व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम का मालिकाना है जबकि गूगल के पास यूट्यूब और अपना सर्च इंजन है। इससे जुड़ी रणनीतियों में स्वतंत्र फैक्ट चेकर और स्थानीय सामग्री रचनाकारों और प्रकाशकों के साथ जुड़ाव, तथ्यों की जांच, जांच के संसाधन और गलत सूचनाओं को लेकर चेतावनी जारी करने के लिए सहयोगी मंच प्रदान करना शामिल है। इरादा ऐसी सामग्री को वायरल होने से रोकना है। मेटा पहले ही गलत सूचनाओं को हटा देता है।

इसमें मतदान को प्रभावित करने वाली तथा हिंसा को बढ़ावा देने वाली सामग्री शामिल है। उसका दावा है कि उसके पास 15 भारतीय भाषाओं में स्वतंत्र तथ्य जांचने वालों का नेटवर्क है। उसके पास व्हाट्सऐप हेल्पलाइन है जो संदिग्ध जानकारियों को रिपोर्ट करने या उनकी पुष्टि करने में मदद करता है।

# वित्त वर्ष 24 में स्मॉल कैप शेयरों में 63 प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी



**नई दिल्ली**

वित्त वर्ष 2024 भारतीय शेयर बाजार के लिए फायदेमंद साबित हुआ। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर का कहना है कि लार्ज कैप ने 33 प्रतिशत का रिटर्न दिया, मिडकैप में 56 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और स्मॉल कैप ने प्रभावशाली 63 प्रतिशत के साथ शानदार प्रदर्शन किया।

वित्त वर्ष 2024 में अर्थव्यवस्था में विकास से बाजार को बल मिला। वर्ष के दौरान तिमाही दर तिमाही आधार पर जीडीपी का पूर्वानुमान 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया गया। उन्होंने कहा कि निफ्टी 50 इंडेक्स के लिए सालाना 23-24 फीसदी ईपीएस पूर्वानुमान के साथ कॉर्पोरेट आय वृद्धि में तेजी आई।

प्रत्यक्ष निवेश के साथ-साथ म्यूच्यूअल फंड के माध्यम से निवेश द्वारा समर्थित खुदरा प्रवाह मजबूत बना रहा। घरेलू निवेशकों के ट्रेडिंग खातों की संख्या 16.7 करोड़ तक पहुंच गई, जो बाजार में बढ़ती भागीदारी को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि इसके आलावा, मंदी का सामना कर रहे अन्य उभरते बाजारों की तुलना में भारत के बेहतर प्रदर्शन से उत्साहित एफआईआई ने शुद्ध खरीदारी गतिविधि में सुधार दिखाया।

हालांकि, 20 मार्च तक भारी बिकवाली दबाव के साथ, साल का अंत मंदी से हुआ। फिर भी, हाल के कारोबारी सत्रों में बाजार में कुछ राहत मिली है। लीवरेज्ड बिकवाली का दबाव कम हो गया है और खरीद गतिविधि में सुधार हुआ है, भले ही कम मात्रा में हो।

उन्होंने कहा, अप्रैल के आने वाले पहले सप्ताह में, अमेरिका और भारत में पीएमआई, फैक्ट्री ऑर्डर और अमेरिका में बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण डेटा जारी होने की उम्मीद है। इसके आलावा, नीतिगत दरों में विशेष रूप से आरबीआई से संकेतों पर निवेशकों की नजर रहेगी।

उन्होंने कहा, हम एक नए वित्तीय वर्ष में जा रहे हैं, हमें फार्मा, कैपिटल गुड्स और इंफ्रा जैसे सेक्टर से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा, हालांकि वर्तमान में एफएमसीजी और आईटी जैसे कुछ सेक्टर को कम मांग के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, हम सामान्य मानसून और फेड की दर में कटौती के बाद अमेरिकी मांग में वृद्धि के कारण बदलाव की उम्मीद करते हैं। हालांकि, फोकस लार्ज कैप पर है, मिड-कैप के प्रीमियम वैल्यूएशन में छोटी से मध्यम अवधि में दिक्कत आ सकती है।

# देश में महंगी होंगी 800 से ज्यादा दवाएं, बुखार जैसी समस्याओं में इस्तेमाल होने वाली दवा भी है शामिल

**नई दिल्ली**



1 अप्रैल से भारत में 800 से ज्यादा दवाएं महंगी होने जा रही हैं। दरअसल, सरकार ने होलसेल प्राइस इंडेक्स में कई बदलाव किए हैं जिसके तहत कई दवाओं की कीमतें अब बढ़ जाएंगी। इन दवाओं की कीमतों में करीब 12प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसके तहक राष्ट्रीय आवश्यक दवा सूची में 0.0055 प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है।

जानकारी के मुताबिक पेरासिटामोल की कीमतों 130प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। दरअसल, ये एक ऐसी दवा है जो कि बुखार समेत कई बीमारियों में होने वाले इस लक्षण को कंट्रोल करने के लिए इस्तेमाल होती है। इसकी कीमतों में बढ़ोतरी आम आदमी के लिए थोड़ी ज्यादा हो सकती है। पेनकिलर, एंटीबायोटिक और एंटी-इंफेक्शन की दवाएं भी महंगी हो गई हैं। पेनिसिलिन जी 175त्न महंगा हो गया है तो, एज़िथ्रोमाइसिन और कुछ अन्य दवाएं भी महंगी हो गई हैं। इसके अलावा भी इस लिस्ट में कई स्टेरॉयड भी शामिल हैं।

इन दवाओं के अलावा एक्सीसिएंट्स की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है। ये 18-262त्न बढ़ी है और इनमें शामिल है ग्लिसरीन और प्रोपलीन ग्लाइकोल, सिरप, सहित सॉल्वेंट्स। ये 263प्रतिशत से 83प्रतिशत महंगे हुए हैं। इसके अलावा कुछ इंटरमीडिएट्स दवाओं की कीमतें भी 11प्रतिशत से 175प्रतिशत के बीच बढ़ी हैं।

## बैंक ऑफ इंडिया की मुश्किलें बढ़ी, आयकर विभाग ने भेजा 1127 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस

**नई दिल्ली ।** बैंक ऑफ इंडिया को आयकर विभाग की आकलन इकाई से निर्धारण वर्ष 2016-17 से संबंधित 1,127.72 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस मिला है। बैंक को वर्ष 2016-17 से संबंधित आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 156 के तहत एक डिमांड नोटिस मिला है, जिसमें कुछ अस्वीकृतियां की गई हैं।

बैंक ऑफ इंडिया ने कहा, बैंक निर्धारित समय-सीमा के भीतर उक्त आदेश के खिलाफ आयकर आयुक्त (अपील), नेशनल फेसलेस अपील सेंटर (एनएफएसी) के समक्ष अपील दायर करने की प्रक्रिया में है। अपीलीय प्राधिकारियों की प्राथमिकता/आदेशों को देखते हुए बैंक का मानना है कि उसके पास मामले में अपनी स्थिति को उचित रूप से साबित करने के लिए पर्याप्त तथ्यात्मक और कानूनी आधार हैं। बैंक को उम्मीद है कि मांग कम हो जाएगी। इस प्रकार, बैंक की वित्तीय, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि वह आदेश में उठाई गई 1,127.72 करोड़ रुपये की मांग के खिलाफ आयकर कानून में दी गई रियायत का फायदा उठाएगा।

## 24 प्रतिशत वृद्धि के साथ अदाणी पोर्ट्स ने रिकॉर्ड 420 एमएमटी माल का किया प्रबंधन

**अहमदाबाद।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने 24 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2024 में (अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों सहित) रिकॉर्ड 420 एमएमटी (मिलियन मीट्रिक टन) माल का प्रबंधन किया। कंपनी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी ने मार्च में एक माह में अब तक का सबसे अधिक 38 एमएमटी से अधिक माल हैंडल किया।



एपीएसईज़ेड के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने कहा, कंपनी को पहले 100 एमएमटी वार्षिक कार्गो थ्रूपुट हासिल करने में 14 साल लग गए, जबकि दूसरे और तीसरे 100 एमएमटी थ्रूपुट को क्रमश: पांच और तीन साल में हासिल किया गया। वित्त वर्ष 2024 के दौरान, भारत के एक-चौथाई से अधिक कार्गो वॉल्यूम को एपीएसईजेड बंदरगाहों के माध्यम से भेजा गया।

करण अदाणी ने कहा, नवीनतम 100 एमएमटी का आंकड़ा दो साल से भी कम समय में हासिल किया गया है। यह परिचालन क्षमता बढ़ाने और उद्योग में शीर्ष बंदरगाह ऑपरेटर के रूप में हमारी स्थिति बनाए रखने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता और प्रयासों का प्रमाण है। कंपनी के आठ बंदरगाहों ने दोहरे अंक में वृद्धि की है।

प्रमुख बंदरगाह मुंद्रा एक महीने (अक्टूबर 2023) में 16 एमएमटी कार्गो को हैंडल करने वाला भारत का पहला बंदरगाह बन गया। ये उपलब्धियां लाल सागर संकट के कारण वैश्विक व्यापार में व्यवधान, रूस-यूक्रेन संघर्ष और पनामा नहर के मुद्दे और चक्रवात बिपरजॉय व मिचौंग की चुनौतियों से निपटते हुए हासिल की गईं।

कंटेनर सेगमेंट में, मुंद्रा, हजीरा, कट्टुपल्ली और एन्नोर के बंदरगाहों ने रिकॉर्ड मात्रा में कारोबार किया। कंपनी ने कहा कि भारत में कंटेनरीकृत समुद्री माल का लगभग 44 प्रतिशत एपीएसईजेड बंदरगाहों के माध्यम से चलता है। पिछले पांच वर्षों में कंपनी का कंटेनर वॉल्यूम भारत की कंटेनर वृद्धि से दोगुना हो गया है। कंपनी ने बताया कि ड्राई कार्गो सेगमेंट में ट्यूना, मोर्मुगाओ, कराईकल, कृष्णापट्टनम, गंगावरम और धामरा जैसे बंदरगाहों ने इस वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड मात्रा में कारोबार किया।

# दिल्ली कैपिटल्स के खलील ने 2, मुकेश ने 3 विकेट लेकर सीएसके को 20 रन से हराया

आईपीएल 2024

**विशाखापत्तनम।** यहां रविवार को खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 13वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज खलील अहमद (2-21) और मुकेश कुमार (3-21) ने शानदार गेंदबाजी करते हुए गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को 171/6 पर रोक दिया और अपनी पहली जीत दर्ज की। महेंद्र सिंह धोनी की 16 गेंदों में नाबाद 37 रनों की जादुई पारी के बावजूद सीएसके 20 रन से हार गई।



यहां के डॉ. वाई.एस.राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खलील ने ओपनर रुतुराज गायकवाड़ और रचिन रवींद्र के विकेट लेकर सीएसके को चौंका दिया। खलील ने पावर-प्ले में गेंदबाजी करते हुए 2-21 का स्कोर बनाया।

मुकेश कुमार ने चेन्नई सुपर किंग्स की मुश्किलें बढ़ाना जारी रखा। उन्होंने लगातार दो विकेट लिए और तीन ओवरों में 21 रन देकर तीसरा विकेट भी ले लिया। ऋषभ पंत ने चेन्नई सुपर किंग्स को दबाव में रखने के लिए सात गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की जादुई पारी के बावजूद सीएसके मैच हार गई। धोनी ने मैच के अंत में पांच बार के चैंपियन के लिए 16 गेंदों में नाबाद 37 रनों की शानदार पारी खेली।

पंत के टॉस जीतने के बाद,डेविड वार्नर और कप्तान ने अर्धशतक लगाए और पृथ्वी शॉ ने 27 गेंदों में 43 रन बनाए, जिससे दिल्ली कैपिटल्स 20 ओवरों में 191/5 रन बनाने में सफल रही। इसके बाद खलील और मुकेश कुमार की अगुवाई में गेंदबाजों ने मोर्चा संभाला और दिल्ली कैपिटल्स ने दो हार के बाद अपने अभियान को पटरी पर ला दिया और सीएसके को घरेलू मैदान पर दो जीत के बाद पहली हार का सामना करना पड़ा।

अनुभवी तेज गेंदबाज खलील अहमद ने पहले ओवर की अतिरिक्त गेंद पर गायकवाड़ (1) को पंत के हाथों कैच कराया। रवींद्र (2) भी ज्यादा देर तक टिक नहीं सके।

## चेन्नई के खिलाफ जीत के बाद भी ऋषभ पंत को लगा बड़ा झटका, स्लो ओवर रेट के चलते मिली बड़ी सजा!

**नईदिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर आईपीएल 2024 में अपनी पहली जीत हासिल की. बीते रविवार विशाखापटनम के डॉ. वाई. एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ऋषभ पंत की अगुवाई वाली दिल्ली ने चेन्नई को 20 रनों से हराया, लेकिन अब पंत को इस जीत के बाद भी तगड़ा झटका लगा है. सीएसके के खिलाफ मैच में दिल्ली के कप्तान ने बड़ी गलती कर दी, जिसके लिए उन्हें बड़ी सज़ा मिली.

दरअसल चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले में स्लो ओवर रेट के चलते दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर जुर्माना लगा. यह टूर्नामेंट में दिल्ली कैपिटल्स का न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत पहला मामला था, जिसके लिए उन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया ग.या है.




बता दें कि इससे पहले आईपीएल 2024 में गुजरात के कप्तान शुभमन गिल पर भी यह जुर्माना लगाया जा चुका है. 26 मार्च गुजरात ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एम चिदंबरम स्टेडियम में मुकाबला खेला था. इस मैच में गुजरात के कप्तान शुभमन गिल पर भी स्लो ओवर रेट के चलते 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा था.

इस मैच में टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. टीम ने ऋषभ पंत और डेविड वॉर्नर की अर्धशतकीय पारी की मदद से दिल्ली के सामने 192 रनों का लक्ष्य रखा है. टीम के लिए डेविड वॉर्नर ने 52 और कप्तान ऋषभ पंत ने 32 गेंदों में 159.38 के स्ट्राइक रेट से 51 रनों की पारी खेली. पंत ने अपनी पारी में 4 चौके और 3 छक्के लगाए. फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स को भले ही हार सामना करना पड़ा, लेकिन पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने अपनी बैटिंग से महफिल लूट ली.

## फिल्म अश्वत्थामा का हुआ ऐलान, शाहिद कपूर ने ली विक्की कौशल की जगह

शाहिद कपूर आखिरी बार फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आए थे। इस रोम-कॉम ड्रामा में शाहिद ने कृति सेनन के साथ बड़े पर्दे पर रोमांस फरमाया था। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया है। वहीं इस फिल्म के बाद अब एक्टर एक और बड़ी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें पहले विक्की कौशल दिखाई देने वाले थे। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं वो है अश्वत्थामा।



शाहिद कपूर आखिरी बार फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आए थे। इस रोम-कॉम ड्रामा में शाहिद ने कृति सेनन के साथ बड़े पर्दे पर रोमांस फरमाया था। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया है। वहीं इस फिल्म के बाद अब एक्टर एक और बड़ी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें पहले विक्की कौशल दिखाई देने वाले थे। हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं वो है अश्वत्थामा।

शाहिद कपूर के वर्क फ्रंट की बात करे तो वो अश्वत्थामा के अलावा देवा में नजर आएंगे। रोशन एंड्रयूज के निर्देशन में बन रही देवा में शाहिद कपूर पहली बार साउथ की हसीना पूजा हेगड़े के साथ दिखेंगे। इस फिल्म में एक्टर का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। फिल्म में कुब्रा सैत की भी अहम भूमिका है। मूवी एक एक्शन थ्रिलर है। फिल्म इसी साल 11 अक्टूबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा शाहिद कपूर अपनी हिट सीरीज फर्जी के सीजन 2 में नजर आएंगे।

## पटना शुक्ला को मिली प्रतिक्रिया से अनुष्का कौशिक अभिभूत

रवीना टंडन द्वारा निर्देशित पटना शुक्ला में रिंकी कुमारी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अनुष्का कौशिक ने कहा कि फिल्म के लिए उन्हें जो प्रतिक्रिया मिल रही है, उससे वह अपनी आगामी परियोजनाओं में और भी बेहतर प्रदर्शन करने की भावना से उत्साहित हैं।



अनुष्का, जो क्रैश कोर्स, घर वापसी और लस्ट स्टोरीज़ जैसी परियोजनाओं में अपने काम के लिए भी जानी जाती हैं, ने कहा: पटना शुक्ला कई कारणों से एक बेहद खास फिल्म रही है, न केवल इसने उत्साह बढ़ाया है मुझे अपनी बहुमुखी प्रतिभा का एक नया पहलू पेश करना है, लेकिन मुझे व्यवसाय के कुछ सबसे अद्भुत लोगों के साथ काम करने का अवसर भी मिला।

अभिनेत्री ने आगे कहा, हालांकि, जो चीज इसे सबसे खास बनाती है वह है इसकी कहानी, विषय की गंभीरता ने मुझे प्रभावित किया और मुझे खुशी है कि इसने दर्शकों को भी प्रभावित किया है।

## सलमान खान ने किया करण जौहर की फिल्म द बुल से किनारा

बीते साल सलमान खान ने अपनी फिल्म टाइगर 3 के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था तो इसके बाद से ही उनकी आगामी फिल्मों को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई थी।इसी बीच सलमान और करण जौहर ने फिल्म द बुल के लिए 25 साल बाद हाथ मिला , जिससे प्रशंसक काफी उत्सुक हो गए।पहले जहां करण ने कुछ कारणों के चलते फिल्म को थोड़ा टाल दिया था तो अब सलमान ने ही इससे किनारा कर लिया है।

द बुल की शूटिंग पहले बीते साल नवंबर में शुरू होनी थी, लेकिन फिर इसे दिसंबर तक टाल दिया। इसके बाद जनवरी में शूटिंग की बात सामने आई तो मालदीव विवाद के चलते फिर से बात बिगड़ गई।फिर सलमान और करण के बीच पैसों को लेकर बात नहीं बनी तो निर्माता-निर्देशक ने अभिनेता से जुलाई तक का समय मांगा।अब खबरें हैं कि सलमान ने द बुल को छोड़ साजिद नाडियाडवाला की एक फिल्म करने का फैसला किया है।




रिपोर्ट के अनुसार, नाडियाडवाला, एआर मुरुगादॉस के साथ फिल्म बना रहे हैं, जो मई में ही शुरू हो जाएगी। दूसरी ओर, करण का विचार नवंबर तक द बुल की शूटिंग शुरू करने का है।सूत्र का कहना है कि शूटिंग की तारीखों में हो रहे फेरबदल से सलमान को परेशानी हो रही थी। करण और निर्देशक विष्णुवर्धन भी अभी तक सही समय तय नहीं कर पाए हैं।लिहाजा सलमान ने इस फिल्म से पीछे हटने का फैसला किया है।

सूत्र के मुताबिक, सलमान ने प्रोजेक्ट में लगातार हो रही देरी के लिए किस्मत को जिम्मेदार ठहराया है। अभिनेता ने यह कहते हुए इनकार किया कि नियती नहीं चाहती कि यह फिल्म बने तो चलिए आगे बढ़ते हैं।करण सलमान की बात को समझते हैं, क्योंकि 1 साल से ज्यादा समय से तारीखों पर चर्चा करके वे नतीजे पर नहीं पहुंचे।निर्माता फिल्म के लिए एक और कोशिश कर सकते हैं, लेकिन फिलहाल सलमान ने इससे दूरी बना ली है।

## शब्द सामर्थ्य- 14

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 013 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## सू-दोकू- 14

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.013 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## आज का राशिफल

*मेष-* आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज लोग आपके विचारों को सुनने के लिए बहुत उत्सुक होंगे। इस राशि के लोगों को आज किसी करीबी से कोई खुशखबरी मिल सकती है।

*वृष-* आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपके मन की इच्छा पूरी होगी। आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए नए कदम उठाएंगे। स्थिति आपके पक्ष में रहेगी।

*मिथुन-* आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नौकरी के लिए अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। इस राशि के लेखकों के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया है। कोई नई स्टोरी लिखने के लिए मिल सकती है।

*कर्क-* आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बितायेंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं हील स्टेशन पर घूमने की प्लांनिग कर सकते हैं। आज किसी स्थिति को लेकर ज्यादा सोचने की बजाय उस पर एक्शन लेना बेहतर होगा।

*सिंह-* आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज जिस काम को पूरा करना चाहेंगे, उस काम में थोड़ी रूकावटें आ सकती है। किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं। आज रिश्तों में सुधार लाने के लिए दिन अच्छा है।

*कन्या-* आज किस्मत आपके साथ रहेगी। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहे हैं, वो आज किसी फ्रेंड की मदद से पूरा हो जाएगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आज आप तरोताजा महसूस करेंगे।

*तुला-* आज आपका दिन सामान्य रहेगा। अगर आप काम को करते समय अपने मन को शांत रखेंगे, तो आपका काम आसानी से सफल होगा। किसी भी काम में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए।

*वृश्चिक-* आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी कोशिश पूरी तरह से सफल होगी। आज दोस्तों और परिजनों के साथ खुशियाँ मनाएंगे। आपका व्यक्तित्व आकर्षक रहेगा। मन भी मजबूत रहेगा। आपके मन की शंका भी दूर होगी।

*धनु-* आज आपके मन में नए विचार उत्पन्न होंगे। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ सकती हैं, जिसमें आप सफल होंगे। आज आपको कुछ अवसरों का फायदा मिलेगा। आसपास के लोगों या साथ काम करने वालों की तारीफ करने से आपको फायदा होगा।

*मकर-* आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। किसी कंपनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है। मन में किसी मामले को लेकर थोड़ी बेचैनी हो सकती है। मन भटक सकता है।

*कुंभ-* आज आपका रूझान आध्यात्म की तरफ रहेगा। किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने की योजना बना सकते हैं। आज आपको आनंद की प्राप्ति होगी। आज खुद को फीट महसूस करेंगे।

*मीन-* आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आपकी किस्मत आपका पूरा साथ देगी। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करेंगे। आज आपको किसी व्यापारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिल सकता है। अपनी मेहनत से काम निश्चित तौर पर पूरे होंगे।